विनोद को बचाने सियासी ढाल, भाजपा में अंदरूनी खेल

बैस समाज का सियासी उबाल, मंडल अध्यक्ष को हटाने की मांग पर अड़ा कैडर, जिंप सदस्य ने भी बोला तीखा हमला

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 29 दिसम्बर । भारतीय जनता पार्टी के मोरवा मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह कुरवंशी एक गंभीर आपराधिक मामले को लेकर पार्टी और प्रशासन दोनों के लिए सिरदर्द बनते जा रहे हैं। एनसीएल मुख्यालय दफ्तर, सिंगरौली के सामने तीन दिन पूर्व हुई बर्बर मारपीट की घटना ने भाजपा के भीतर ही सियासी भूचाल खड़ा कर दिया है। पीड़ित संविदा कर्मी शंकर प्रसाद बैस के पुत्र सत्यनारायण बैस के साथ कथित तौर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह कुरवंशी और उनके आधा दर्जन से अधिक साथियों ने बेरहमी से मारपीट की।

घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल पुलिस की भूमिका पर खड़ा हुआ। मोरवा थाना के बजाय कोतवाली में अपराध दर्ज उस वक्त हुआ, जब पीड़ित सत्यनारायण बैस निजी सिंगरौली हॉस्पिटल बैढ़न में इलाजरत था। पुलिस की यह चुप्पी भाजपा के एक पदाधिकारी को बचाने की कोशिश के रूप में देखी गई, जिससे बैस समाज में जबरदस्त आक्रोश फैल गया। मामला उस वक्त तूल पकड़ गया जब बीते दिन रविवार देर शाम देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम के हस्तक्षेप और भाजपा जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह की मौजूदगी में कोतवाली पुलिस सिंगरौली हॉस्पिटल पहुंची और पीड़ित का बयान दर्ज किया गया। इसके बाद विनोद सिंह कुरवंशी सहित अन्य आरिल खान, रोहित सिंह चौहान, अमित मोहाली, सादिक समेत अन्य के विरुद्ध बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

हालांकि, तीन दिन की देरी ने पुलिस की निष्पक्षता पर गहरे सवाल छोड़ दिए हैं। वहीं बैस समाज का कहना है कि यह पूरा मामला पीड़ित को न्याय दिलाने के बजाय राजनीतिक रसूख के दुरुपयोग का उदाहरण बनता जा रहा है। समाज का आरोप है कि जब कानून सबके लिए समान है, तो फिर एक मंडल अध्यक्ष को बचाने के लिए संगठन के भीतर इतनी बेचैनी क्यों ?

अब निगाहें भाजपा जिला नेतृत्व पर टिकी हैं कि वह पर्दे के पीछे चल रहे इस खेल पर विराम लगाता है या फिर चुप्पी साधकर सियासी नुकसान उठाने को तैयार रहते हैं।

सोशल मीडिया के सहारे हमला, आरोपो की बौछार

एनसीएल मुख्यालय के सामने हुई मारपीट की घटना के बाद मामला केवल आपराधिक नहीं, बल्कि खुली सियासी साजिश का रूप लेता जा रहा है। सूत्रों की मानें तो भाजपा के ही कुछ बड़े नेता मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह कुरवंशी को बचाने के लिए पर्दे के पीछे सक्रिय हो गए हैं। संगठन और प्रशासन पर दबाव बनाकर यह कोशिश की जा रही है कि कार्रवाई को कमजोर किया जाए या फिर समय के साथ मामला ठंडा पड़ जाए। यही वजह है कि घटना के तीन दिन बाद तक पुलिस भी हरकत में आई। इधर, खुद आरोपी मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह कुरवंशी सोशल मीडिया के जरिये बैस समाज पर लगातार हमलावर हैं। वे बैस समाज पर तरह-तरह के आरोप मढ़ रहे हैं और मामले को जातिगत राजनीति का रंग देने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, इन आरोपों में कितनी सच्चाई है, यह जिले की जनता भली-भांति जानती है। खासकर लोकसभा चुनाव 2019 में क्या हुआ था और किस समाज की भूमिका निर्णायक रही, यह किसी से छिपा नहीं है।

मण्डल अध्यक्ष को पद से हटाने की मांग तेज

प्रकरण दर्ज होते ही बैस समाज और भाजपा के कैडर वोट बैंक ने खुला मोर्चा खोल दिया है। बैस समाज का साफ कहना है कि यदि पार्टी वास्तव में कानून, सुशासन और सामाजिक न्याय की बात करती है, तो आरोपी मंडल अध्यक्ष को तत्काल पद से हटाया जाए। समाज का आरोप है कि राजनीतिक रसूख के चलते पहले मामले को दबाने की कोशिश हुई और अब केवल दबाव में आकर एफआईआर दर्ज की गई है। अब पूरा मामला भाजपा जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह के पाले में है। एक तरफ संगठन की छवि दांव पर है, तो दूसरी ओर एक मंडल अध्यक्ष पर गंभीर आपराधिक आरोप। सवाल यह है कि पार्टी दबाव में आकर मामले को ठंडे बस्ते में डालेगी या फिर कार्रवाई कर यह संदेश देगी कि कानून से ऊपर कोई नहीं। आने वाले दिनों में यह साफ हो जाएगा कि भाजपा संगठन अपराध के खिलाफ खड़ा होता है या अपने ही नेताओं को बचाने में उलझा रहता है।

बैढ़न में दो गुटों में बटा सर्राफा व्यापार मण्डल, आज फिर हुआ चुनाव

दो अध्यक्ष, कई वरिष्ठजनों ने आज के चुनाव से किया किनारा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 29 दिसम्बर । बैढ़न में सर्राफा व्यापार मण्डल दो गुटों में बट गया है। आज दिन सोमवार को करीब डेढ़ सौ सर्राफा व्यापारी चुनाव मतदान के जरिये कराए गये। जहां सत्यनारायण उर्फ संजय सोनी की एकतरफा जीत हुई। वहीं दो दिन पूर्व रविकांत सोनी निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने का दावा किया है।

गौरतलब है कि दो दिन पूर्व बैढ़न स्थित कृपालॉज में सर्राफा व्यापार मण्डल की बैठक हुई थी। जहां रविकांत सोनी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया और आज फिर से सर्राफा व्यापार मण्डल का चुनाव हुआ। जिसमें 156 व्यापारियों के हिस्सा लेने का दावा है। मतदान के जरिये चुनाव हुआ। जिसमें संजय सोनी को 105 मत मिले हैं। वहीं चर्चा है कि इस चुनाव में कई वरिष्ठ सोनी व्यापारी किनारा किये थे। अध्यक्ष किसे माना जाएगा, इस बात को लेकर अब संशय की स्थिति बन गई है।

एक नजर में

नौ वाहनों से 92 हजार रुपये की राजस्व वसूली

सिंगरौली। जिला परिवहन अधिकारी ने परिवहन विभाग के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने पर वाहनों को जप्त किया था। जहां पूर्व में जप्त नौ वाहनों से 92 हजार रूपये जुर्माना राजस्व वसूल किया है। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौर के द्वारा परिवहन विभाग के निर्देशों का अवहेलना करने वाले वाहनों के खिलाफ निरंतर कार्रवाइयां जारी है। पूर्व में जप्त 9 वाहनों से 92 हजार रूपये की रसीद काट कर राजस्व वसूली किया है।

बबलू प्रसाद सेन युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नियुक्त

सिंगरौली। भोपाल में आयोजित सेन समाज विकास संगठन के महाअधिवेशन में चितरंगी निवासी बबलू प्रसाद सेन को सेन समाज विकास संगठन का युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया, उनकी नियुक्त से रामानुग्रह वर्मा जिला अध्यक्ष सिंगरौली, विजय वर्मा पूर्व पार्षद-प्रदेश सह सचिव, बबलू सेन जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, सुनील नाई मंडल अध्यक्ष तियरा, रावेंद्र नापित, फूलचन्द्र नाई संगठन सचिव, रावेन्द्र नापित जिला उपाध्यक्ष, शिवशंकर वर्मा जिलाध्यक्ष विधिप्रकोष्ठ, अंजनी प्रसाद एवं चितरंगी, बैढ़न-देवसर-सिंगरौली जिले के सामाजिक लोगो में खुसी की लहर है ।

खोखवा में125 बोरियों से नाले का किया गया संरक्षण

सिंगरौली । विकासखंड चितरंगी के नवांकुर सेक्टर अंतर्गत आदर्श ग्राम खोखवा में जल संचय अभियान के तहत महत्वपूर्ण पहल करते हुए खाड़ी नाला पर 125 बोरियों का बोरी बंधान किया गया। यह कार्य म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक राजकुमार विश्वकर्मा के निर्देशन तथा विकासखंड समन्वयक के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था रामचंद्र सेवा समिति के समन्वय सहयोग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में परामर्शदाता राधा यादव, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की पूरी टीम, शिक्षकगण, पूर्व सरपंच, सामाजिक कार्यकर्ता, उपसरपंच सुरेश यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

विकास के वायदों की पोल खोलती सिंगरौली-ललितपुर रेल लाइन

प्रभावित कई गांवों का मुआवजा राशि लंबित

नवभारत न्यूज

देवसर 29 दिसम्बर । सिंगरौली-ललितपुर रेल लाइन अब सिर्फ एक परियोजना नहीं, बल्कि नेताओं के खोखले वादों और सिस्टम की नाकामी का जीता-जागता सबूत बन चुकी है। चुनाव दर चुनाव इस रेल लाइन को लेकर बड़े-बड़े मंचों से दावे किए गए, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि काम आज भी कछुए की चाल से रेंग रहा है।

नेता आए, फीते कटे, फोटो खिंचवाई गईं और घोषणाएं हुईं, लेकिन जैसे ही चुनाव खत्म हुए, रेल लाइन भी फाइलों में दफन होती चली गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह परियोजना अब सिर्फ राजनीति चमकाने का हथियार बनकर रह गई है, न कि जनता को राहत देने का साधन। ग्रामीणों का कहना है कि हर चुनाव में नेता कहते हैं अब ट्रेन चलेगी, लेकिन न ट्रेन दिखी न पटरी पूरी हुई। सिर्फ भाषणों में रेल का काम होता है, सवाल यह भी उठ रहा है कि जब करोड़ों रुपये का बजट स्वीकृत हो चुका है, तो वह पैसा आखिर जा कहां रहा है, क्या जिम्मेदार विभाग और जनप्रतिनिधि इस देरी की जवाबदेही लेने को तैयार हैं, या फिर हमेशा की तरह ठीकरा एक-दूसरे पर फोड़ा जाएगा।

यह रेल लाइन सिंगरौली और ललितपुर जैसे संसाधन-समृद्ध लेकिन विकास से वंचित इलाकों को जोड़ने वाली थी। इसके शुरू न होने से न सिर्फ रोजगार के अवसर छिन रहे हैं, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक तरक्की भी रुकी हुई है।

भास्कर के समर्थकों का शक्ति प्रदर्शन, जिला बदर पर सुनवाई टली

तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, शक्ति प्रदर्शन के बाद अंतिम निर्णय की जगह सिर्फ तारीख आगे बढ़ी, यानी मामला ना टला ना सुलझा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 29 दिसम्बर । कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता भास्कर मिश्रा के खिलाफ प्रस्तावित जिला बदर की कार्रवाई आज दिन सोमवार को कलेक्ट्रेट में शक्ति प्रदर्शन में बदल गई, जब सैकड़ों की संख्या में समर्थक और कांग्रेस कार्यकर्ता अचानक कलेक्ट्रेट पहुंच गए।

कलेक्टर कार्यालय के बाहर घंटों तक नारेबाजी और जुटान चलता रहा, जिससे पूरा परिसर राजनीतिक मंच में तब्दील हो गया। समर्थकों की भारी भीड़ के बीच कांग्रेस नेताओं ने इसे लोकतांत्रिक लड़ाई बताते हुए प्रशासन पर राजनीतिक दबाव में काम करने के आरोप लगाए और तहसीलदार जाहन्वी शुक्ला को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। बता दें कि नेताओं का कहना था कि भास्कर मिश्रा हरिजन, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग और विस्थापितों की आवाज उठा रहे हैं, इसी कारण लगातार उन पर मामले दर्ज कर जिला बदर की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में कोयला चोरी से लेकर पैसों के बदले नौकरी देने तक के मामलों पर कार्रवाई नहीं होती, लेकिन इन गड़बड़ियों के खिलाफ बोलने वालों पर एफआईआर और जिला बदर की तलवार लटका दी जाती है। कलेक्ट्रेट के बाहर शक्ति प्रदर्शन के बीच कलेक्टर के समक्ष सुनवाई हुई, लेकिन निर्णय के बजाय अगली तारीख तय हुई और जिला बदर की कार्यवाही पर अंतिम फैसला टल गया। कलेक्टर ने नये साल में 30 जनवरी की तारीख तय कर सुनवाई आगे बढ़ा दी, जिससे समर्थकों में नाराजगी के साथ जिज्ञासा भी बनी रही कि आगे क्या होगा। वहीं आगामी दिनों में न्याय न मिलने पर धरना प्रदर्शन करने का भी ऐलान किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेता पूर्व जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र द्विवेदी, ग्रामीण जिलाध्यक्ष के पूर्व विधायक सरस्वती सिंह, पूर्व प्रदेश महामंत्री अमित द्विवेदी, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक सिंह पैगाम, मनोज शाह, संकठा सिंह चौहान सहित अन्य मौजूद रहे।

वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पिपरा टीम ने विजेता का खिताब किया अपने नाम

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 29 दिसम्बर । ग्राम तियरा में आयोजित जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन समारोह उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ।

समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सिंगरौली के पूर्व विधायक राम लल्लू बैस उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल को अनुशासन, टीम भावना व स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का सशक्त माध्यम बताया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में पिपरा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि सिद्धिकला टीम उपविजेता रही। मुख्य अतिथि श्री बैस ने विजेता एवं उपविजेता टीम को बधाई देते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों, कोचों, रेफरियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों को स्नेह शुभाशीष प्रदान किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जगबली सिंह, हरिओम बैस, रामानुग्रह सिंह एवं उर्मिला देवी मौजूद रहे। आयोजन समिति की ओर से संतोष बैस, जोगेंद्र कुमार, राजेंद्र बैस सहित अन्य मौजूद रहे।

दिशिता महिला मंडल ने छात्रों को वितरित किया स्वेटर

नवभारत न्यूज

अनपरा 29 दिसम्बर । रेनुपावर प्राथमिक पाठशाला, रेनुसागर में दिशिता महिला मंडल रेनुसागर द्वारा शीतकालीन सहायता के अंतर्गत स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्या इंदू सिंह ने विगत वर्ष की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय के बच्चों को ऊनी स्वेटर वितरित किए। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा-3 के लगभग एक सैकड़ा से अधिक छात्र-छात्राओं तथा शिशु कक्षा के 65 छात्र-छात्राओं को स्वेटर प्रदान किए गए।

कलेक्टर ने प्रदूषण अमले से पिछले माह का मांगा एक्यूआई के आंकड़ें

शिविर लगाकर 70 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्गों का शत-प्रतिशत बनायें आयुष्मान कार्ड

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 29 दिसम्बर । शिविर आयोजित कर 70 वर्ष से अधिक आयु वाले ऐसे बुजुर्ग जिनका अभी तक आयुष्मान कार्ड नही बनाया गया है, शिविर लगाकर बुजुर्गो का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाएं तथा विभागीय अधिकारी दो दिवस के अंदर अपने विभागो से संबंधित सीएम हेल्प लाईन के शिकायतो का निराकरण कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर गौरव बैनल ने जिलाधिकारियों को दिया। कलेक्टर ने 70 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्गो के बनाये जा रहे आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करते हुये सीएमएचओ को निर्देशित किया कि सभी ब्लॉको में शिविर आयोजित कर छूटे हुयें बुजुर्गो का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाएं। वहीं डीईओ को विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष बोर्ड परीक्षा का परिणाम बेहतर रहें, इसके लिए विद्यार्थियों को विषयों का रिविजन करायें। कलेक्टर ने प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी को निर्देशित किया कि एक्यूआई की विगत पिछले माह के आंकड़े प्रस्तुत करें। साथ ही सुनिश्चित करें कि आंकड़ो में एक्यूआई के सभी घटको की मॉनिटरिंग स्टेशनवार अंकित किया जायें। बैठक में कलेक्टर ने ननि आयुक्त को निर्देशित किया कि शहर के चौराहो के सौदर्यीकरण के लिए जिले में कार्यरत औद्योगिक कम्पनियों को आवंटित किया गया है।

विंध्याचल में जेम शीतकालीन सत्र का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 29 दिसम्बर। एनटीपीसी विंध्याचल ने आज दिन सोमवार को क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान में बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025 के शीतकालीन सत्र का उत्साहपूर्वक शुभारंभ किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संजीब कुमार साहा परियोजना प्रमुख मौजूद रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रबंधन के अनेक अधिकारी भी शामिल हुए, जिनमें एजे राजकुमार महाप्रबंधक, एसके सिन्हा, डॉ. बीके भराली, देबब्रत त्रिपाठी, सहित अन्य विशेष सलाहकार शामिल रहे। हीरोमाइंड माइंड्स की समन्वयक आस्था ने शीतकालीन सत्र के दौरान प्रस्तावित गतिविधियों की जानकारी दी, जिनका उद्देश्य प्रतिभागी बालिकाओं का सर्वांगीर्ण विकास, आत्मविश्वास निर्माण एवं जीवन कौशल को सुदृढ़ करना है। मुख्य अतिथि संजीब कुमार साहा ने अपने संबोधन में कहा कि जेम एक परिवर्तनकारी पहल है, जो न केवल बालिकाओं के सपनों को साकार करती है, बल्कि उनके परिवारों, समुदायों और अंततः राष्ट्र के विकास में भी सकारात्मक भूमिका निभाती है।

अलविदा 2025 : सिंगरौली के लिए विकास और उपलब्धियों का साल

मेडिकल कॉलेज से फोरलेन तक, बदली जिले की तस्वीर, नई ट्रेन, नए बेड, नया कलेक्टर, प्रशासन में दिखी रफ्तार, कुछ विवाद, लेकिन भारी पड़ा विकास का पलड़ा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 29 दिसम्बर । अलविदा 2025, सिंगरौली के लिए बीता साल मिला-जुला, लेकिन उपलब्धियों से भरा रहा। गड़ाखाड़ विवाद को छोड़ दें तो मेडिकल कॉलेज संचालन, फोरलेन सड़कों की मंजूरी, भोपाल-धनबाद नई ट्रेन, जिला अस्पताल को 200 बेड और युवा कलेक्टर गौरव बैनल की नियुक्ति ने जिले को नई दिशा दी। विकास की रफ्तार ने उम्मीदें बढ़ाई।

साल 2025 अब विदाई की दहलीज पर खड़ा है। बीतते साल को पलटकर देखा जाए तो सिंगरौली जिले के लिए यह वर्ष विरोधाभासों से भरा रहा। कहीं विवाद, कहीं विकास, कहीं असंतोष तो कहीं ऐतिहासिक उपलब्धियां। मार्च महीने के दूसरे

अलविदा 2025

सप्ताह में गड़खाड़ क्षेत्र में पुलिस और पब्लिक के बीच हुआ टकराव जरूर एक कड़वी याद के रूप में दर्ज रहा, लेकिन इस एक घटना को छोड़ दें तो पूरा साल जिले के लिए काफी हद तक सकारात्मक और प्रगतिशील साबित हुआ। विकास के लिहाज से 2025 सिंगरौली के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में दर्ज होने जा रहा है। वर्षों से जिस 100 सीट वाले मेडिकल कॉलेज का सपना देखा जा रहा था, वह आखिरकार साकार हुआ। मेडिकल कॉलेज का संचालन शुरू होना न सिर्फ स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव का संकेत है, बल्कि इससे स्थानीय युवाओं को चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर भी मिले हैं। यह उपलब्धि जिले के लिए मील का पत्थर मानी जा रही है। इसी तरह देवरी-परसौना बायपास से तेलगवां बायपास तक सड़क निर्माण को मिली मंजूरी ने जिले की यातायात व्यवस्था को नई दिशा दी है। परसौना से बरगवां और परसौना से रजमिलन-माड़ा मार्ग को फोरलेन किए जाने की स्वीकृति ने औद्योगिक, खनिज और व्यापारिक गतिविधियों को गति देने का रास्ता साफ कर दिया है। आने वाले वर्षों में यह सड़के जिले की आर्थिक रीढ़ साबित होंगी।

तेज फैसले लेने वाले कलेक्टर गौरव बैनल मिले

प्रशासनिक स्तर पर भी 2025 बदलाव लेकर आया। अधिकारियों के फेरबदल में जिले को युवा, ऊर्जावान और तेज फैसले लेने वाले कलेक्टर गौरव बैनल मिले। उनके कार्यकाल में प्रशासनिक सख्ती, निरीक्षण और जवाबदेही का माहौल बना, जिससे व्यवस्था में कसावट देखने को मिली। कुल मिलाकर 2025 सिंगरौली के लिए एक ऐसा साल रहा, जिसमें चुनौतियां भी रहीं और उपलब्धियां भी। कुछ घटनाओं ने सवाल खड़े किए, तो कई फैसलों ने उम्मीद जगाई। विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और रेल-हर क्षेत्र में जिले ने आगे बढ़ने के संकेत दिए। अब उम्मीद है कि 2026 इन उपलब्धियों को और मजबूती देगा और सिंगरौली विकास के पथ पर और तेजी से अग्रसर होगा।

जिला चिकित्सालय 400 बेड के लिए हुआ उन्नयन

रेल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में भी 2025 ने बड़ी सौगात दी। भोपाल से धनबाद के बीच सप्ताह में तीन दिन नई ट्रेन के संचालन को मंजूरी मिलना आमजन के लिए राहत की खबर रही। इससे न केवल सिंगरौली, बल्कि आसपास के जिलों के यात्रियों को भी सीधा लाभ मिलेगा। यह फैसला लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करता है। स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करते हुए सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह के प्रयासों से जिला चिकित्सालय सह ट्रॉमा सेंटर को 200 अतिरिक्त बेड की मंजूरी मिली। इससे गंभीर मरीजों को अब बड़े शहरों की ओर भटकना नहीं पड़ेगा और स्थानीय स्तर पर ही बेहतर इलाज संभव हो सकेगा।